# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीडिता का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का दिया आदेश। स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कार्य बल का किया गठन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में रोड टु स्कूल प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ। कहा– आत्मनिर्भर बनाने में शिक्षा की है महत्वपूर्ण भूमिका।
- लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में युवक हत्या के मामले में परिजनों से की मुलाकात। कहा– न्याय दिलाने तक पीछे नहीं हटेंगे।
- रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायजा। बताया– श्रद्धालुओं के लिए चलाई जाएंगी नौ सौ स्पेशल ट्रेनें।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीडिता महिला डाक्टर का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाइस एडमिरल सर्जन आर सरीन, की अध्यक्षता में कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल को तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। न्यायालय ने कोलकाता के आर जी कार अस्पताल में रेजीडेंट डॉक्टरों और विशेष रूप से महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम तैनात करने का भी आदेश दिया। पीठ ने मामले से निपटने के पश्चिम बंगाल सरकार और अस्पताल के अधिकारियों के तौर तरीकों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

**********

फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने कोलकाता मामले में उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए कहा कि इससे चिकित्सक समुदाय के हितों की रक्षा होगी। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने कहा कि केंद्र द्वारा देशभर से उनके साथियों की ओर से रखी गई सभी मांगों को स्वीकार करने के बाद उन्होंने हड़ताल वापस ले ली है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। इस पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे, तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। पत्र में आपात स्थितियों में तत्काल कार्रवाई के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने को कहा गया है। साथ ही अस्पताल परिसरों की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की तैनाती की बात कही गई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक के लिए निपुण भारत मिशन के तहत प्रदेश में 'रोड टू स्कूल' के पहले प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि रोड टु स्कूल कार्यक्रम एक प्रकार से स्कूल चलो अभियान का ही एक नया रूप है। इसमें रिसोर्स पर्सन और उनके ऊपर की टीम एक पिरामिड के रूप में बच्चों को स्कूल लाने, उनकी उपस्थित बनाए रखने और उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कला कौशल की मॉनिटरिंग करेंगे। इसके पहले चरण में चरगांवा ब्लॉक के सभी 78 परिषदीय विद्यालयों के 17 हजार 781 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज प्रदेश सरकार छात्र–छात्राओं के यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूता–मोजा, बैग–बुक्स के लिए एक हजार 200 रुपये उनके अभिभावक के बैंक खाते में सीधे भेज रही है।

***हमने सुनिश्चित किया कि जो भी बच्चा बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ेगा, उन बच्चों के लिए यूनीफार्म फ्री देंगे। स्वेटर फ्री देंगे बैग और बुक्स फ्री उपलब्ध करवाएँगे और उन बच्चों के लिए जूता और मौजा भी उपलब्ध करवाएँगे। और मुझे प्रसन्नता है कि आज हमारी सरकार बारह सौ रुपए इन छात्रों के लिए यूनीफार्म के लिए बैग बुक्स और शू के लिए उनके अभिभावक के खाते में सीधे भेज रही है जिससे वह अपने बच्चों के लिए इस आवश्यकता की पूर्ति कर सके।***

**********

सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल इंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में पैंतालीस संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिवों को नियुक्त करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को लिखे पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैट्रल इंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए।

**********

लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी कल अपने संसदीय क्षेत्र स्थित नसीराबाद के सिसना गांव पहुंचे। वहां उन्होंने दलित युवक की हत्या के मामले में न्याय की मांग की और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। पिछली ग्यारह अगस्त को एक दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को नामजद किया था, जिनमें से छह की गिरफ्तारी हो चुकी है। मृतक के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि एसपी मास्टरमाइंड पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, बल्कि छोटे–छोटे लोगों को पकड़ रहे हैं।

***दलित युवा को जान से मारा गया है। पूरे परिवार को धमकाया गया है और यहाँ कोई कारवाई नहीं हो रही है। एसपी यहाँ के मास्टर माइंड पर कारवाई नहीं कर रहे हैं छोटे छोटे लोगों को पकड़ रहे हैं इसीलिए यहाँ पे लोग गुस्सा है। मैं चाहता हूँ की उत्तर प्रदेश में हर वर्ग की इज्जत हो और न्याय सबको मिले। जब तक इस परिवार को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम पीछे नहीं हटने वाले हैं।***

**********

रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने कल प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ दो हजार पच्चीस की तैयारियां का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम और फाफामऊ स्टेशन का निरीक्षण किया और महाकुंभ को लेकर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से पहले विकास कार्य पूरा करा लिया जाएगा। महाकुंभ के दौरान तीस करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इसके लिए प्रयागराज और आस–पास के स्टेशनों पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। अंडर पास और ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड की चेयरमैने ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या काफी ज्यादा हो सकती है, इसको देखते हुए लगभग नौ सौ स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

***हमारे नौ स्टेशन आइडेंटीफाइड है इस एरिया में जो कि कुंभ के पैसेंजर्स को कैरी करेंगे हमने तैयारी की है की लगभग नौ सौ एक्सट्रा स्पेशल ट्रेन्स हम लोग चलाएँगे और आवश्यकता पड़ेगी तो नौ सौ से अधिक भी हो सकती है अगर जरुरत हुई तो चला सकेंगे। इतने भी एडिशनल रिक्वायरमेंट है प्लेटफार्म की फुट ओवर ब्रिजेज की सर्कुलेटिंग एरिया की होर्डिंग एरिया में लोगों को ठहराने के लिए जिससे की प्लेटफॉर्म के ऊपर कंजेशन नहीं हो।***

**********

एमबीबीएस और बीडीएस मे प्रवेश के लिये उत्तर प्रदेश स्टेट कोटा की सीटों पर नीट काउंसिलिंग कल से शुरू हो गई। चौबीस अगस्त तक चलने वाली काउंसिलिंग में पहले दिन छात्र–छात्राओं के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। अभ्यर्थी पंजीकरण केवल ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट यूपी नीट डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर कर सकेंगे। काउंसिलिंग के लिये चौबीस अगस्त तक अभिलेखों को अपलोड करने के साथ पंजीकरण और धरोहर धनराशि जमा की जायेगी। चौबीस अगस्त को मेरिट सूची जारी होगी और इसके बाद अभ्यर्थी उन्तीस अगस्त तक ऑनलाइन च्वाइस लॉक कर सकेंगे।

**********

धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 वर्ष पुराने मामले में दोषी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर रोक लगाने के प्रार्थना पत्र को सुल्तानपुर के एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने कल खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पेश करने के लिए 28 अगस्त की तारीख दी है।

**********

राज्य के लगभग सभी जिलों में बीते दो दिन से रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले दो दिन तक गरज–चमक के साथ वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। उधर कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी भी शुरू हो गयी है। वाराणसी में गंगा नदी के कई घाट जलमग्न हो गये हैं। वहां के जिला प्रशासन ने गंगा नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बस्ती जिले में घाघरा नदी के कटान से सदर तहसील के एक दर्जन गांवों पर अस्तीत्व का खतरा मडराने लगा है।

**********